दैनिक
# जयवर्द्धन
पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478
वर्ष - 01 | अंक - 57 | राजसमंद - शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

पेज 3 पर पढ़े - नगर परिषद के गणपति महोत्सव में हुई सांस्कृतिक संध्या




## राजसमंद नगर परिषद चुनाव में सभापति पद के लिए संवीक्षा पूरी : 4 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पाए गए वैध

**- कांग्रेस के चुन्नीलाल पंचोली व भूरालाल ने वापस उठाए नामांकन**
**- साफ हुई सभापति के चुनाव की तस्वीर**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद राजसमंद के आम चुनाव 2026 के तहत सभापति पद के लिए प्राप्त हुए नाम निर्देशन पत्रों की जांच और संवीक्षा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रिटर्निंग अधिकारी ओम प्रभा की मौजूदगी में की गई इस गहन संवीक्षा के पश्चात कुल चार अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र पूरी तरह से विधिमान्य यानी वैध पाए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी ओम प्रभा ने संवीक्षा उपरांत वैध पाए गए सभी अभ्यर्थियों की सूची आधिकारिक रूप से जारी कर दी है।



इसके बाद चुनावी मैदान में मुख्य राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा की ओर से अनिता पालीवाल और कांग्रेस की तरफ से मोहनलाल का नामांकन पत्र वैध पाया गया है। इनके अलावा दो निर्दलीय उम्मीदवारों के रूप में चुन्नीलाल पंचोली तथा भूरालाल कुमावत के नाम निर्देशन पत्र भी जांच में सही पाए गए हैं। इसी बिच गुरूवार को निर्दलीय नामाकन करने वाले कांग्रेस पार्षद चुन्नीलाल पंचोली व भूरालाल कुमावत ने अपने-अपने नामांकन उठाए लिए। इसके बाद भाजपा से अनिता पालीवाल व कांग्रेस से मोहनलाल कुमावत के बिच सिधा मुकाबला तय हो गया है। सभापति पद के लिए दोनों दल के प्रमुख दावेदारों के नामांकन वैध पाए जाने के बाद अब राजसमंद नगर परिषद क्षेत्र में चुनावी हलचल काफी तेज हो गई है। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार अब अगला चरण नाम वापसी की निर्धारित प्रक्रिया का होगा, जिसके बाद सभापति चुनाव की अंतिम तस्वीर और मुकाबला पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

## नन्हे कदम परियोजना से दूरदराज की बस्तियों में बच्चों के स्वस्थ बचपन और उज्जवल भविष्य की पहल



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जन विकास संस्थान द्वारा जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से संचालित परियोजना नन्हे कदम- स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य के अंतर्गत जिले की दूरदराज की बस्तियों में रहने वाले बच्चों के बेहतर पोषण, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। परियोजना की शुरुआत जिले की लुहारिया बस्ती, खेमा खेड़ा, खाती खेड़ा एवं पलेवा मगरी में की गई, जिसके माध्यम से इन बस्तियों के 100 बच्चों को नियमित पोषण एवं शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक रूप से वंचित परिवारों के बच्चों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करना, उनके पोषण स्तर में सुधार लाना तथा उन्हें शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करना है। नन्हे कदम परियोजना के अंतर्गत केवल बच्चों के पोषण पर ही ध्यान नहीं दिया जाएगा, बल्कि उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को भी प्राथमिकता दी जाएगी। केंद्रों पर बच्चों के साथ विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां, सीखने-सिखाने की प्रक्रियाएं एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सीखने के प्रति रुचि विकसित करने, उनकी बुनियादी शैक्षणिक क्षमताओं को मजबूत करने तथा आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। संस्थान द्वारा प्रत्येक बच्चे को दो जोड़ी ड्रेस, सैंडल, स्कूल बैग एवं किताबें प्रदान की गई हैं। इस सहयोग का उद्देश्य बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री एवं उपयोगी संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि वे नियमित रूप से शिक्षा से जुड़ सकें और पढ़ाई के दौरान आने वाली कुछ व्यावहारिक चुनौतियों को कम किया जा सके। परियोजना के अंतर्गत स्थापित केंद्रों का उद्घाटन संस्थान निदेशिका शकुन्तला पामेचा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी सिद्धार्थ शर्मा, मदन सेन, रामेश्वर साहू, शिक्षक सोहन सालवी, संस्थान से नीता कुमावत, उमा शर्मा, व ललिता साहू की मौजूद थी।

## साइबर सुरक्षित राजस्थान जागरूकता माहः जागरूक युवा ही साइबर सुरक्षित राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं जयपुर के निर्देशानुसार सितंबर 2026 को साइबर सुरक्षित राजस्थान जन-जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक एवं थानाधिकारी साइबर पुलिस थाना दुर्गाप्रसाद दाधीच के नेतृत्व में सेठ मथुरा दास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाथद्वारा में आयोजित एक दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रोग्रामर खैरुल वसीम ने विद्यार्थियों, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स को



संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर वॉलंटियर्स के रूप में जुड़ने और प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। वसीम ने संचार साथी पोर्टल के बारे में बताया कि इसके माध्यम से नागरिक अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी प्राप्त कर अनधिकृत सिम बंद करवा सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल गुम या चोरी होने पर सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मोबाइल को ब्लॉक करने की प्रक्रिया समझाई। सूचना सहायक दलवीरसिंह मीणा ने एटीएम स्कीमर मशीनों से होने वाली धोखाधड़ी और राष्ट्रीय अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एनसीआरपी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन वित्तीय ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी प्रोफाइल, साइबर बुलिंग या अन्य साइबर अपराधों की शिकायत इस पोर्टल पर दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि साइबर ठगी होने पर समय बेहद महत्वपूर्ण होता हैय अतः पीड़ित को तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि ठगी गई राशि को ब्लॉक कराया जा सके। महिला कॉन्स्टेबल सीता ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया एवं इंटरनेट का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा अपने परिवार व समाज को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने की अपील की।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विधायक कार्यालय में जलाया आशीर्वाद का दीप



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस पर स्वस्थ, दीर्घायु एवं ऊर्जावान जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के संकल्प का प्रेरणादायी उदाहरण है, जिनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि गरीब कल्याण प्रधानमंत्री की नीतियों का प्रमुख केंद्र रहा है। हर घर जल, उज्ज्वला, मुद्रा, पीएम-किसान और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सुरक्षा, सुशासन, आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास की नई पहचान बनी है, जिससे समर्थ एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति मिली है। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विधायक कार्यालय पर आशीर्वाद का दीप जलाया गया, जहां कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ जीवन तथा राष्ट्र के विकास की मंगल कामना की।

## राजनगर पुलिस की कार्रवाईः 9 साल से फरार चल रहा वसूली वारंटी उदयपुर से गिरफ्तार

### 4.68 लाख का था वारंट

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन तथा एएसपी महेंद्र पारीक व डीएसपी नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में वांछित अपराधियों एवं फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राजनगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। राजनगर थानाधिकारी ओंकार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने पिछले 9 वर्षों से लगातार फरार चल रहे एक वसूली वारंटी को उदयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पारिवारिक न्यायालय द्वारा जारी वसूली वारंट की अनुपालना में वारंटी चंद्रशेखर पुत्र गोवर्धनदास निवासी लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास सुथारों की घाटी, सूरजपोल उदयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा 4 लाख 6 हजार रुपये का वसूली वारंट जारी किया गया था। पकड़ा गया वारंटी पिछले करीब 9 सालों से फरार चल रहा था। वह अपनी पहचान छिपाकर बार-बार अपना पता, मोबाइल नंबर और लोकेशन बदलता रहता था, ताकि पुलिस की गिरफ्त से बच सके। राजनगर पुलिस टीम ने मुखबिरों से प्राप्त सूचना और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से करीब दो महीने तक लगातार निगरानी और तलाश के बाद बुधवार को आरोपी को उदयपुर से धर दबोचा। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी के बाद वारंटी चंद्रशेखर ने खुद पुलिस की कार्यकुशलता की सराहना की। उसने बताया कि वह कोई भी डिजिटल पहचान या साक्ष्य नहीं छोड़ता था और दिन में कई बार अपनी लोकेशन बदलता था। वह अपने परिजनों से नहीं मिलता था।

इसके बावजूद पुलिस ने उसे ढूंढ निकाला, जिससे यह सिद्ध होता है कि राजसमंद पुलिस किसी भी शातिर अपराधी को कानून की गिरफत से बचने नहीं देगी। इस दौरान थानाधिकारी ओंकार सिंह, हेड कांस्टेबल पर्वत सिंह, कांस्टेबल भगवतीलाल, साइबर सेल के कांस्टेबल बुधराम तथा अमित कुमार की विशेष भूमिका रही।

## कुंवारिया पुलिस की कार्रवाई :कुएं से मोटर और केबल चुराने वाला गिरोह बेनकाब, 5 आरोपी गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले के कुंवारिया थाना क्षेत्र में फसलों की सिंचाई के लिए कुओं पर लगी पानी की मोटरें और बिजली की केबल चुराने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के इस मामले में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले की शुरुआत 23 फरवरी 2026 को हुई, जब रामपुरिया (लापस्या) निवासी बालूराम भील ने कुंवारिया थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि रामपुरिया में उन्होंने 10 बीघा जमीन ठेके पर लेकर गेहूं की फसल बो रखी थी, जिसकी सिंचाई के लिए कुएं में पानी की मोटर और केबल लगा रखी थी। 7 फरवरी की रात अज्ञात बदमाश कुएं से मीटर तक की केबल चुरा ले गए। इसके अलावा आसपास के खेतों में गहरीलाल कुमावत, भेरूलाल कुमावत, नारूलाल भील और हरिसिंह राजपूत के कुओं व ट्यूबवेल से भी मोटर और केबल काटकर चुरा ली गई। चोरी की घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एसपी हेमंत कलाल, एएसपी महेंद्र पारीक और वृत्ताधिकारी नेत्रपाल सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने कुंवारिया, साकरोदा और आसपास के इलाकों में तकनीकी साधनों तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर जगह-जगह दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 5 संदिग्धों जिनमें भैरूलाल भील (22) पिता अम्बालाल भील निवासी उपरी फियावड़ी हाल कुरज, बद्रीलाल भील (27) पिता लखा भील निवासी रामपुरिया, नारायण भील (19) पिता मदनलाल, निवासी रामपुरिया, श्यामलाल भील (20) पिता रामचन्द्र भील निवासी रामपुरिया और सुनील भील (20) पिता बद्रीलाल निवासी लापस्या को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी की वारदातें करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कुंवारिया थाना क्षेत्र के अलावा कुरज, जुणदा, खंडेल और रेलमगरा आदि स्थानों से भी मोटर व केबल चुराना कबूल किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से चोरी की गई केबल व मोटर बरामद करने और गिरोह के अन्य साथियों की तलाश के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### मजबूत होता सामाजिक सुरक्षा कवच

केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया है। कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। सरकार के अनुसार, इससे करीब 51 लाख अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा यानी भविष्य निधि के दायरे में आ सकेंगे। इससे कर्मियों के भविष्य निधि में नियोक्ताओं के अंशदान में भी वृद्धि होगी। महीने की पहली तारीख को वेतन मिलते ही एक आम कामगार के सामने कई जरूरतें कतार में खड़ी होती हैं। जैसे कि घर का किराया, राशन, बच्चों की स्कूल फीस, बिजली-पानी के बिल और घर के दूसरे खर्च। आज की कमाई से आज का घर चलाना उसकी पहली चिंता होती है, लेकिन एक सवाल हर महीने उसके साथ घर लौटता है कि कल का क्या होगा? बीमारी आ गई, काम प्रभावित हुआ या उम्र ढलने लगी तो परिवार का सहारा कौन बनेगा? सामाजिक सुरक्षा का असली अर्थ इसी अनिश्चितता को कम करना और मेहनतकश व्यक्ति को भविष्य के प्रति भरोसा देना है।

इस बदलाव की जरूरत को समझने के लिए पिछले एक दशक में हुए परिवर्तनों पर नजर डालना पर्याप्त है। अनिवार्य कवरेज की मौजूदा सीमा वर्ष 2014 में 15,000 रुपये निर्धारित की गई थी। तब से भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार और जीवन-यापन की लागत बढ़ी है। विनिर्माण, लाजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में काम शुरू करने वाले ऐसे कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक है। पुरानी सीमा के कारण इनमें से एक वर्ग अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर रह जाता था। यह अंतर केवल वेतन का नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का भी था। एक ही कार्यस्थल पर काम करने वाले दो कर्मचारियों की आय में मामूली अंतर होने से उनके सामाजिक सुरक्षा कवरेज में अंतर पैदा हो रहा था। नई सीमा अधिक संख्या में युवा और मध्य आय वर्ग के कामगारों को औपचारिक सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था से जोड़ने का अवसर देती है। इससे सामाजिक सुरक्षा का दायरा व्यापक होने के साथ कामगारों के भविष्य का संस्थागत आधार भी मजबूत होगा।

इस बदलाव का व्यावहारिक पक्ष भी है। जैसे कि भविष्य निधि में कर्मचारी का अंशदान होने से उसके हाथ में आने वाले मासिक वेतन में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन भविष्य निधि की मूल अवधारणा ही वर्तमान आय के एक हिस्से को भविष्य की वित्तीय सुरक्षा में बदलने की है। कर्मचारी के अंशदान के साथ नियोक्ता का योगदान भी जुड़ता है और समय के साथ यही राशि सेवानिवृत्ति के बाद उसका आर्थिक संबल बनती है। इसके साथ पेंशन और कर्मचारी बीमा से जुड़े प्रविधान सामाजिक सुरक्षा को व्यापक आधार देते हैं। यहीं सामाजिक सुरक्षा का अर्थ केवल बचत से आगे बढ़कर सम्मान और आत्मनिर्भरता से जुड़ जाता है। कामगार अपने श्रम से केवल परिवार की आज की जरूरतें ही पूरी नहीं करते, वे यह भी चाहते हैं कि नियमित आय सीमित होने पर उनके पास अपना सहारा हो। ऐसे समय में संस्थागत सुरक्षा व्यक्ति और उसके परिवार को आर्थिक कठिनाइयों से उबरने में सहारा देती है। इस अर्थ में सामाजिक सुरक्षा राज्य, नियोक्ता और श्रमिक की साझा जिम्मेदारी है, जिसमें आज का श्रम भविष्य की सुरक्षा का आधार बनता है, लेकिन सामाजिक सुरक्षा का विस्तार केवल कवरेज बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। कामगारों को इसका लाभ आसानी और सम्मान के साथ मिले, यह भी उतना ही जरूरी है। पिछले वर्षों में ईपीएफओ की सेवाओं में डिजिटल माध्यमों, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) और आनलाइन सेवाओं का विस्तार हुआ है। इससे भविष्य निधि और पेंशन से जुड़ी अनेक प्रक्रियाएं सहज हुई हैं।

# वणाई स्कूल में मेरे सपनों का भारत - विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम विषय पर आयोजित हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** राउमावि वणाई में गुरुवार को मेरे सपनों का भारत - विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम विषय पर आधारित चित्रकला, निबंध, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी गणेश कुमावत ने कहा कि भारत आज विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवाओं की ऊर्जा, किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों की उपलब्धियों और जनभागीदारी से एक ऐसे आधुनिक भारत का निर्माण हो रहा है, जो अपनी संस्कृति व मूल्यों से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर युवा को अवसर, किसान सम्मान, बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और मजबूत सामाजिक एकता भी इसका प्रमुख हिस्सा है। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। चित्रकला के वरिष्ठ वर्ग में राधा गमेती ने प्रथम, देवेंद्र सिंह राठौड़ ने द्वितीय और काली भील ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कनिष्ठ वर्ग में जोया बानू प्रथम, हेमलता रेगर द्वितीय और यमुना गुर्जर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में सपना कुंवर ने प्रथम, राधा सालवी ने द्वितीय तथा उषा भील व कृष्णा सेन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य रतनलाल खटीक, मुकेश रेगर, गिरीश कुमार पालीवाल, उदयलाल पालीवाल, हिम्मत सालवी, दीपक व्यास, धर्मेश सियाल, सुनील पालीवाल, चित्रा बडगुर्जर, कल्पना सजवान, मंजु श्रोत्रिय, उषा राव, ममता गगोरिया, कविता खटीक और सीमा चुंडावत सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

# विनम्र हृदय में नहीं टिक सकता वैर, ईर्ष्या व द्वेष का भावः पर्युषण के दूसरे दिन दिगम्बर जैन समाज ने मनाया उत्तम मार्दव दिवस

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** शहर में दिगम्बर जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म के रूप में श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान धर्मावलंबियों ने अपने भीतर व्याप्त मान, अहंकार और अभिमान का त्याग कर जीवन व्यवहार में नम्रता व सरलता अपनाने का संकल्प लिया। पर्व के चलते समाज के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आध्यात्मिक गतिविधियों और जप-तप में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कांकरोली के द्वारकेश चौराहा स्थित शांतिनाथ मंदिर में सांगानेर संस्थान (जयपुर) से आए पंडित आयुष जैन के सानिध्य एवं समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन की उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। सुबह भगवान के अभिषेक और शांतिधारा के साथ दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। समाज के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि अभिषेक का धर्मलाभ राजेंद्र कुमार, सुनील व अनिल जैन को मिला। प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य महावीर प्रसाद व कमल कुमार जैन, द्वितीय का प्रदीप व प्रशांत लुहाड़िया, तृतीय का दीपक जैन तथा चतुर्थ शांतिधारा का धर्मलाभ अनिल व अक्षित जैन ने प्राप्त किया। वहीं दीप प्रज्वलन मनीष सेठी परिवार, सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य नितिन जैन तथा आरती का धर्मलाभ दिनेश कुमार गंगवाल को प्राप्त हुआ।

अहंकार को मारना ही मार्दव धर्म हैः पं. आयुष जैन

धर्मसभा को संबोधित करते हुए पं. आयुष जैन ने कहा कि मार्दव धर्म हमें अहंकार को दूर कर सरलता से जीना सिखाता है। अहंकार हर पल व्यक्ति के भीतर से बाहर आने का प्रयास करता है, जिस पर विजय पाना ही सच्ची साधना है। उन्होंने कहा कि जिस हृदय में विनम्रता होती है, वहां वैर, ईर्ष्या और द्वेष कभी नहीं टिक सकते। अपनी योग्यता या पद का घमंड छोड़कर हर प्राणी के प्रति समान भाव रखना ही उत्तम मार्दव का मूल मंत्र है। इससे पूर्व बुधवार रात मंदिर सभागार में तीर्थ का तड़का भक्ति के साथ विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीना जैन के निर्देशन में हुई नाट्य प्रस्तुति के जरिए श्रद्धालुओं को प्रमुख जैन तीर्थों और तीर्थयात्रा के आध्यात्मिक महत्व से रूबरू कराया गया। समाज अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को उत्तम आर्जव दिवस मनाया जाएगा। वहीं 21 सितम्बर को सुगंध दशमी पर शाम 6 बजे धूप खेवन का कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात 25 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर शाम 4:15 बजे भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं विशेष कलशाभिषेक व पूजन आयोजित होगा।

# चारभुजा पदयात्रियों की सेवा-सुश्रुषा के लिए शिविर शुरू

### सामान्य उपचार और फिजियोथैरेपी की सुविधा भी रहेगी उपलब्ध

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** गढ़बोर-चारभुजा में जलझूलनी एकादशी पर दर्शन के लिए जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं की सेवा-सुश्रुषा, आवभगत और उपचार के लिए हरिहर सेवा संस्थान राजसमंद की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सेवाली मोड़ पर पांच दिवसीय पदयात्री सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत समाजसेवी सावित्री देवी, भगवती देवी, संतोष देवी, संस्थान अध्यक्ष श्यामसुंदर नवाल और मंजूलता नवाल ने पूजा-अर्चना एवं प्रभु के जयकारों के बीच मौली बंधन खोलकर शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। संस्थान सदस्यों द्वारा सेवा कार्य में सहयोग दे रहे कार्यकर्ताओं का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। संस्थान अध्यक्ष नवाल ने बताया कि शिविर में श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार, विश्राम और आवभगत के साथ-साथ सामान्य चिकित्सा सुविधाओं का विशेष प्रबंध किया गया है। लंबी दूरी पैदल तय करने के कारण पदयात्रियों को होने वाली थकान, मांसपेशियों के खिंचाव, पैरों के छालों और दर्द से राहत दिलाने के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपिस्ट आधुनिक उपकरणों व दवाओं के साथ सेवाएं देंगे। यह सेवा व्यवस्था जलझूलनी एकादशी की पूर्व संध्या तक निरंतर जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ दशक से भामाशाह श्यामसुंदर और मंजूलता नवाल के सौजन्य से प्रतिवर्ष जलझूलनी पर्व पर इस सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अब तक हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हो चुके हैं। इस दौरान धीरज सरावगी, गोपाल गोटरवाल, कन्हैयालाल बाकलीवाल, रतन धनोपिया, कमला बाई, नाथू सिंह, भंवर सिंह, हिमांशु और दर्शना नवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीबीएसई वेस्ट जोन बॉक्सिंग प्रतियोगिताः वी फिटनेस की खनक ने जीता सिल्वर और चार्मी ने कांस्य पदक, खनक का नेशनल में चयन

जयवर्द्धन न्यूज़




**राजसमंद।** सीबीएसई वेस्ट जोन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले की दो प्रतिभावान बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए सिल्वर और कांस्य पदक हासिल कर राजसमंद का नाम गौरवान्वित किया है। वी फिटनेस वूमेन्स जिम की खिलाड़ी खनक सचदेव और चार्मी सचदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि अपने नाम की। मध्य प्रदेश के उज्जैन में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की महिला मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच खनक सचदेव ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने भार वर्ग में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। इस शानदार जीत के साथ ही खनक का चयन आगामी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हो गया है, जहां वे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं प्रतियोगिता में बेहतरीन पंच दिखाते हुए चार्मी सचदेव ने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने खुशी व्यक्त की।

# कुंवारिया पुलिस की कार्रवाई : हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### दो गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुंवारिया थाना पुलिस ने गुप्त ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई 2026 को एक बुजुर्ग व्यक्ति ने कुंवारिया थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसके नाती की शादी करवाने के लिए करीब 10-11 माह पूर्व पारसी देवी जाट ने उससे संपर्क किया था। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दी गई और फोटो को नरेश लाल के साथ षड्यंत्र में रखकर लगातार डराया-धमकाया गया। आरोप है कि इस आधार पर उससे करीब 30 लाख रुपए हड़प लिए गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल्ए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारिक एवं वृत्ताधिकारी राजसमंद नेत्रपाल सिंह के निर्देशन में थाना अधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम गठित की गई। अनुसंधान अधिकारी जसवंत सिंह एएसआई एवं टीम ने आवश्यक जांच के बाद आरोपी नरेशलाल उर्फ शिवा (46) पुत्र वरदा जाट निवासी कुंवारिया को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने प्रकरण की मुख्य सरगना पारस देवी उर्फ पारसी देवी जाट, पत्नी देवीलाल जाट निवासी जाट मोहल्ला कुंवारिया, हाल छुर बस्ती खंडेल थाना कुंवारिया को भी गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। पुलिस द्वारा पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है। पुलिस मामले में आरोपियों से जुड़े अन्य तथ्यों और आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

# देशभक्ति के तरानों ने भरा जोश, राजस्थानी गीतों से उड़ी माटी की सुगंध

## - नगर परिषद के गणपति महोत्सव में हुई सांस्कृतिक संध्या





जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** शहर के राजनगर अरविंद स्टेडियम में नगर परिषद की ओर से आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव में बुधवार रात को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। राजस्थानी, देश भक्ति और भक्तिमय प्रस्तुतियों का आनंद लेने के लिए श्रद्धालु देर रात तक जमे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना गजानंद महाराज पधारो कीर्तन की तैयारी है, प्रस्तुति के साथ किया गया। कलाकारों ने इसके साथ ही जय जय गजानंद जी मारा हृदय करो प्रवेश की प्रस्तुति से प्रथम पूज्य को नमन किया। उसके बाद प्रस्तुत भजन तेरी शरण में आकर धन्य हो गया की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रीराम-जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, की प्रस्तुति पर बालाजी महाराज के खूब जयकारे लगे। अगली प्रस्तुति मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, पर श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम बिना नहीं रह पाए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कलाकारों ने बाबा रामदेव को नमन करते हुए बाबा रो घोड़लियो मने भाईग्यो, प्रस्तुत करती है श्रद्धालुओं को एक बार फिर भक्ति नृत्य करवाया। मध्य रात्रि नगरपरिषद आयुक्त विदेश मंत्री है प्रीत जहां की रीत सदा मैं गीत वहां के गाता हूं, की प्रस्तुति देकर वातावरण को देशभक्ति की ओर मोड़ दिया। इस प्रस्तुति पर श्रोताओं ने भी तालियां बजाते हुए और साथ गुनगुनाते हुए उनके साथ दिया। वहीं आवो नी पधारो म्हारे देश, गीत प्रस्तुत करते हुए राजस्थानी संस्कृति की छाप छोड़ी। वहीं संदेशे आते हैं, वह महाराणा प्रताप कठे, जैसे गीतों ने भी श्रोताओं में देशभक्ति का जोश भर दिया। इसके साथ ही देर रात को कलाकारों ने अजी हांसा मारे रुनक झुनक पायल बाजे सा, चार चार चुड़ला मारे हाथ, झुक जाई रे हरिया पोदीना जैसे गीत प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को नृत्य करवाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने चरवी नृत्य, भवई नृत्य, सर पर 21 मटके रखकर नृत्य और और सर पर बैलगाड़ी का पहिया और उस पर तिरंगा लहराते हुए किए गए नृत्य ने एकटक देखते रह जाने के लिए मजबूर कर दिया। देश भक्ति गीत पर मंच के आग्रह पर सभी श्रोताओं में अपने मोबाइल की टॉर्च जलाकर हवा में लहराया, जो दृश्य काफी आकर्षक रहा।

# दस दिवसीय गणेश महोत्सव की धूम : भक्ति, सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जारी है गूंज


जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** गणेश चतुर्थी के साथ शुरू हुए दस दिवसीय गणेश महोत्सव ने राजसमंद शहर सहित पूरे जिले को भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों में सराबोर कर दिया है। स्थापना के तीसरे दिन बुधवार रात से विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित गणेश पंडालों में भव्य झांकियों, धार्मिक आयोजनों और भजन संध्याओं का दौर प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर रहा है। शहर के प्रमुख क्षेत्र सो फीट रोड बालाजी नगर में श्रीकृष्ण ग्रुप द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहाँ स्थापित गणेश प्रतिमा को अत्यंत आकर्षक फूलों से सुसज्जित किया गया, जिसकी झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर 'रामसेतू के साथ बाबा महाकाल की





विशेष झांकी सजाई गई। संध्या आरती के पश्चात भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह राजनगर के खत्री मोहल्ले में 'वंदे मातरम ग्रुप' द्वारा आयोजित पंच दिवसीय गणपति महोत्सव भी



श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित कर रहा है। रात्रिकालिन कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध भजन गायक प्रेमशंकर जाट सहित कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्द कर दिया। गण्णेश वंदना से शुरू हुई भजना संध्या में देर रात तक कलाकारों ने भोलेनाथ, भैरूजी, माताजी और प्रभु श्रीराम के भजनों सहित देशभक्ति गीतों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन नए-नए धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बच्चों, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। गौरतलब है कि शहर सहित जिलेभर में विभिन्न मोहल्लों, कॉलोनियों और कस्बों में सार्वजनिक गणेश पंडालों की संख्या में इस बार उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। प्रत्येक स्थान पर विशेष थीम पर आधारित झांकियाँ, पर्यावरण-संदेश, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और नित्य आरती कार्यक्रमों ने इस पर्व को एक सामाजिक उत्सव में बदल दिया है। प्रशासन और आयोजक मिलकर शांति, स्वच्छता और सुरक्षा के विशेष प्रबंध कर रहे हैं।

# स्वामी समानानंद गिरि महाराज ने किए प्रभु द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन

## - 2027 की एकात्म यात्रा के लिए सौंपा आदि शंकराचार्य का चित्र

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्रीद्वारकाधीश मंदिर में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्ठी पर राजभोग दर्शन से पूर्व भीलवाड़ा से स्वामी समानानंद गिरि महाराज का आगमन हुआ। उनके साथ महेश्वर, शीतल जोशी और आचार्य शंकर शिष्य भी मौजूद थे। मंदिर कार्यालय के स्वागत कक्ष में स्वामी का स्वागत किया गया। इस दौरान आचार्य शंकर ने बताया कि संपूर्ण विश्व में एकात्म भाव के जागरण और सभी समस्याओं के मूल कारण भेद दृष्टि के निवारण के लिए वर्ष 2027 में संपूर्ण भारतवर्ष में एक अभूतपूर्व एकात्म यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा भारत का एक विराट संकल्प है, जिसमें देश की प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थाएं सहभागिता करेंगी। इस यात्रा में देश के द्वादश ज्योतिर्लिंग, चार धाम, चार महाशक्तिपीठ और सप्तपुरियों सहित सभी प्रमुख आध्यात्मिक स्थल शामिल होंगे। भेंट के दौरान स्वामी समानानंद गिरि महाराज ने सनातन धर्म के उद्धारक जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के विग्रह का चित्र मुख्य समाधानी को भेंट किया। तत्पश्चात मुख्य समाधानी ने महाराज को प्रभु द्वारकाधीश और महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्राकट्य व इतिहास की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बैठक कक्ष में प्रथम तिलकायत से लेकर 15वें तिलकायत तक की तस्वीरें दिखाते हुए कांकरोली के प्राचीन एवं वर्तमान इतिहास से अवगत कराया। तृतीय पीठाधीश्वर डॉ वागीश कुमार महाराज की आज्ञानुसार मुख्य समाधानी राजकुमार गोरवा ने पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार स्वामी समानानंद गिरि को केसरिया उपरना ओढ़ाया तथा प्रसादी की टोकरी एवं प्रसादी बीड़ा देकर



समाधान किया। इस दौरान मंदिर कार्यालय अधीक्षक बंशीलाल पालीवाल मौजूद रहे। स्वामी समानानंद गिरि एकात्म यात्रा 2027 की आगामी तैयारियों के सिलसिले में जोधपुर प्रवास पर होने के कारण औपचारिक भेंट के पश्चात प्रस्थान कर गए।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री द्वारकाधीश कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

#### - प्रियांशु बने मिस्टर फ्रेशर और अनुष्का बनीं मिस फ्रेशर



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय पर प्रतापपुरा स्थित श्रीद्वारकाधीश इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस कॉलेज में नवआगंतुक विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी व्याख्याता उमा जोशी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को महाविद्यालय के शैक्षणिक माहौल से परिचित कराना और उनमें आत्मविश्वास तथा रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देना था। समारोह का शुभारंभ संस्था निदेशक सौरभ सिंघवी, डॉ अनिल त्रिपाठी और प्राचार्य डॉ हितेश पालीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रैंप वॉक में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र प्रियांशु खड़िया मिस्टर फ्रेशर और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनुष्का बंजारा मिस फ्रेशर चुनी गई। अतिथियों ने दोनों विजेताओं को टैग और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक सौरभ सिंघवी ने छात्र जीवन में आने वाली चुनौतियों और लक्ष्य प्राप्ति के लिए सक्सेस मंत्र साझा किए। संचालन खुशी कंवर सिसोदिया ने किया। इस दौरान टीचर ट्रेनिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल त्रिपाठी, प्राध्यापक निर्मल कुमार नायक, बाबूलाल माली, दीपशिखा सनाढ्य, पूजा गायरी, चंद्रिका पटेल सहित छात्र जयंत शर्मा, रुद्रप्रताप सिंह राठौड़, राजेंद्र नायक, शुभम प्रजापत, शुभम गायरी, सानिया, तबस्सुम सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं को दी संतुलित आहार की जानकारी



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गावं मोही में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 पर गुरुवार को पोषण माह के तहत विशेष पोषण गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत मोही क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों से आई कार्यकर्ताओं, महिलाओं और बच्चों को पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने महिलाओं को संतुलित आहार का महत्व समझाते हुए बताया कि मौसमी फल-सब्जियों, दूध और पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने से शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सही खान-पान अपनाकर एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों और पोषण की कमी से होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से आसानी से बचाव किया जा सकता है। साथ ही पोषण माह के अंतर्गत संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान एएनएम पूजा कुंवर, भारती पुर्बिया, मंजू खारोल, चंदा पुर्बिया, तारानगर और गंगा रेगर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय महिलाएं और बच्चे मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट, राजसमंद की शैक्षिक स्थिति और शिक्षकों की प्रमुख मांगों पर हुई विस्तृत चर्चा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संगठन मंत्री सतीश आचार्य और घुमंतू कार्य के राजस्थान सरकार के ब्रांड एम्बेसेडर प्रभुलाल घुमंतू ने कोटा प्रवास के दौरान राज्य के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जिले की शैक्षिक स्थिति और शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री का ध्यान जिले में लंबे समय से रिक्त चल रहे शिक्षा अधिकारियों एवं डाइट के पदों को भरने की ओर आकर्षित किया। साथ ही मॉडल स्कूल व पीएमश्री स्कूलों के रिक्त पदों के परिणाम घोषित कर तुरंत नियुक्ति देने तथा समग्र शिक्षा में रिक्त आरपी पदों पर पदस्थापना करने की मांग रखी। चर्चा के दौरान कुंभलगढ़ और



खमनोर ब्लॉक को टीएसपी क्षेत्र घोषित करने, राजसमंद जिला मुख्यालय पर शिक्षक भवन निर्माण के लिए संगठन को भूमि आवंटित करने, शैक्षिक सम्मेलनों में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य करने, जिले से बाहर पदस्थापित प्राध्यापकों को गृह जिले के रिक्त पदों पर लगाने तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के अंतर-जिला व पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू करने सम्बंधी विषय प्रमुखता से उठाए गए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सभी मांगों एवं समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र ही उचित निर्णय लेने का भरोसा दिलाया। इस दौरान रोशनलाल कुमावत और लक्ष्मण घुमंतू सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुंवारिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बनाई रंगोली



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर राजसमंद उपखंड क्षेत्र के कुंवारिया में स्थानीय नागरिकों द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपखण्ड अधिकारी ओम प्रभा ने बताया कि कुंवारिया स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में स्थानीय निवासियों ने रंगोली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आकर्षक तस्वीर बनाई तथा उसके चारों ओर दीप प्रज्ज्वलित कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में दीप जलाए। विकसित भारत जन सेवा अभियान 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

### जावद में आज आयोजित होगा राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन

#### - तैयारियों को दिया अंतिम रूप

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राजस्थान सरकार के निर्देशों और शिविरा पंचांग के आदेशों की अनुपालना में राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन सीबीईओ कार्यालय के पास स्थित रणछोड़लाल पालीवाल राउप्रावि जावद में आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल करोतिया ने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा। उन्होंने जिले के समस्त शिक्षकों से इस दो दिवसीय सम्मेलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। जिला महामंत्री रघुवीर रांगेरा ने बताया कि सम्मेलन के प्रथम दिवस सुबह 9:30 बजे पंजीयन प्रक्रिया के साथ उद्घाटन सत्र प्रारंभ होगा।

इसके पश्चात प्रथम सत्र में विद्यालय, विद्यार्थी नामांकन तथा स्कूलों में संचालित विभिन्न गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। दोपहर भोजन के बाद आयोजित सत्र में रोस्टर, छात्रवृत्ति, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण, डीपीसी पे प्रोटेक्शन और शिक्षकों से करवाए जा रहे गैर-शैक्षणिक कार्यों सहित विभिन्न विभागीय एवं व्यक्तिगत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा होगी। सम्मेलन के दूसरे दिन खुला सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिक्षकों की प्रमुख मांगों एवं समस्याओं पर प्रस्ताव व ज्ञापन तैयार कर राजस्थान सरकार को प्रेषित किए जाएंगे।

### बिलोता महाविद्यालय में चार दिवसीय हिंदी दिवस समारोह का समापन

#### - भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाड़ा।** कस्बे के निकटवर्ती राजकीय महाविद्यालय बिलोता में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय विविध प्रतियोगिताओं का समापन गुरुवार को हुआ। सोमवार से शुरू हुए इस आयोजन के अंतिम दिन भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान 15 छात्राओं ने अपनी स्वरचित व चयनित कविताओं तथा ओजस्वी भाषणों के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व, इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका पर अपने प्रभावी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रेम शंकर पालीवाल ने किया। समारोह के दौरान मौजूद संकाय सदस्यों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयास एवं प्रस्तुति की सराहना की। इस दौरान संकाय सदस्य डॉ भानु प्रकाश मेघवाल, हरीश कुमार शर्मा, पूरनसिंह चुंडावत, जसमत सिंह बरोड, तुषार श्रीमाली, देवयानी कालबेलिया तथा कार्यालय कार्मिक कैलाश गमेती सहित कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

### महर्षि दधीचि जयंती पर रक्तदान शिविर आज

**राजसमंद।** महर्षि दधीचि सेवा संस्थान कांकरोली की ओर से महर्षि दधीचि जयंती से एक दिन पूर्व शुक्रवार को कमला नेहरू सेटेलाइट हॉस्पीटल में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर प्रभारी संजय व्यास, सतीश व्यास, नरेंद्र कुमार शर्मा, गौमत शर्मा आदि व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। वहीं शनिवार को महर्षि दधीचि जयंती के दिन मुखर्जी चौराहा स्थित कुमावत समाज के नोहरे में मनाई जाएगी। कांकरोली दाधीच समाज के अध्यक्ष डॉ महेशदत्त दाधीच ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे शिव रूद्राभिषेक किया जाएगा।

# सेवा पखवाड़े पर राजसमंद में लगा रक्तदान शिविरों का महाकुंभः जिलेभर में 84 यूनिट रक्त संग्रहित

## - युवाओं में दिखा खासा उत्साह

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में जिले में विभिन्न स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 84 यूनिट रक्तदान किया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति आमजन में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमनोर में सर्वाधिक 31 यूनिट, सीएचसी देलवाड़ा में 29 यूनिट और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लसानी में 24 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। खमनोर शिविर में स्थानीय तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी लाठी, ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ राजेश शर्मा, रेडक्रॉस मानद सचिव बृजलाल कुमावत, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, भरत पालीवाल, हीर सिंह मोजावत, नर्सिंग ऑफिसर जीवन कुमार खोखावत, गोपाल पुरोहित, ममता रेगर, अनिल कुमार शर्मा, गौरव व्यास, दिलीप सनाढ्य और शिव सिंह सहित अनेक चिकित्सा एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाएं संभालीं। इसी तरह लसानी शिविर में डॉ एमपी मीणा, तकनीशियन युगल किशोर पालीवाल, मुकेश कुमावत, अतुल वैष्णव, दिनेश सिंह, दिनेश सैनी तथा सामाजिक कार्यकर्ता नटवर लाल पुरोहित ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। रेडक्रॉस सोसायटी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान महादान है, जिससे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। संस्था ने आमजन से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान की मुहिम से जुड़ने की अपील की।



# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर जिले के प्रत्येक बूथ पर जला आशीर्वाद का दीप : पालीवाल

## - सेवा पखवाड़े के तहत जिला मुख्यालय पर भाजपा ने की गौसेवा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा देशभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत जिलेभर में विभिन्न सेवा एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि इसी क्रम में जिले के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्रसेवा के संकल्प का अवसर है। पालीवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा भाजपा की सेवा भावना का प्रतीक है। इसी भावना के साथ जिला मुख्यालय पर गौसेवा का आयोजन किया गया।



सेवा पखवाड़े के तहत बूथ स्तर पर दीप प्रज्वलित करने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सेवा और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सेवा पखवाड़े के दौरान जिलेभर में विभिन्न सामाजिक एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जनसेवा के कार्यों से जोड़ा जाएगा।

# पालीवाल समाज की 250 प्रतिभाओं का होगा सम्मान : साकरोदा में 20 को सजेगा प्रतिभा सम्मान समारोह

## - प्रतिभा सम्मान-समाज का अभिमान की भावना से होगा आयोजन
## - शिक्षा, खेल और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मेधावियों को मिलेगा सम्मान

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति के तत्वावधान में तथा पालीवाल फाउंडेशन मावली के सौजन्य से समाज की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 23वां प्रतिभा सम्मान समारोह 20 सितंबर को ताकाजी बावजी मंदिर प्रांगण साकरोदा में आयोजित होगा। समारोह के आयोजन की जिम्मेदारी पालीवाल फाउंडेशन, मावली द्वारा निभाई जा रही है। प्रतिभा सम्मान समारोह संयोजक देवीलाल पालीवाल मण्डा ने बताया कि समारोह में वर्ष 2026 के दौरान विभिन्न कक्षाओं एवं उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली करीब 250 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का उद्देश्य केवल प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज की नई पीढ़ी में शिक्षा, अनुशासन, परिश्रम और उपलब्धि के प्रति सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार करना है। सेवा समिति अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल केलवा ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह समाज की प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समाज की वास्तविक शक्ति उसकी युवा पीढ़ी और उसकी प्रतिभा में निहित है। विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित करने से उनके आत्मविश्वास को नई ऊर्जा मिलती है और अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है।

**बोर्ड परीक्षाओं में चमके मेधावी, 98.60 प्रतिशत तक पहुंचा प्रदर्शनय सैकड़ों प्रतिभाएं होंगी सम्मानित**

पालीवाल फाउंडेशन मावली चेयरपर्सन जगदीश पालीवाल ने कहा कि फाउंडेशन के माध्यम से प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं समाज की विभिन्न उपलब्धियों को सम्मानित करने की पहल शिक्षा और प्रतिभा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का प्रयास रहेगा कि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को निरंतर विस्तार दिया जाए और युवाओं को अपनी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलें। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का विशेष आकर्षण रहेगा। 10वीं बोर्ड में खुशी पालीवाल सालोर ने 95.83 प्रतिशत, निलेश पालीवाल थामला ने 95.17 प्रतिशत तथा निधि पालीवाल ने 93.33 प्रतिशत अंक हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

वहीं 12वीं कला वर्ग में पूजा पालीवाल उंखलियो का खेड़ा ने 93.40 प्रतिशत, अंजलि पालीवाल जावद ने 93.20 प्रतिशत तथा हर्षिता पालीवाल ओडन ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में जय पालीवालए उंखलियो का खेड़ा ने शानदार 98.60 प्रतिशत, नेहा पालीवाल जनावद ने 95.20 प्रतिशत तथा भूमिका पालीवाल उंखलियो का खेड़ा ने 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया है। समारोह में इन मेधावी विद्यार्थियों सहित शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली सैकड़ों प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।